मॉडल श्रद्धा दुबे जेल में, मददगार बाहर

शिवा शर्मा मौत केस में जांच सुस्त, रिमांड तक नहीं

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में चर्चित मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर तनवीर उर्फ दानिश की गिरफ्तारी के बाद केस की आंच धीरे-धीरे ठंडी पड़ने लगी है। गिरफ्तारी को काफ़ी समय होने जा रहा है, लेकिन पुलिस ने अभी तक आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ तक नहीं की है। फरारी के 11 दिनों तक मदद पहुंचाने वाले रसूखदार चेहरे अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। यही वजह है कि लोग कहने लगे हैं - मामला टांय-टांय फिस्स होता दिख रहा है। रायबरेली की रहने वाली श्रद्धा दुबे फैशन ब्लॉगर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर है। इंस्टाग्राम पर 1.4 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। मास्टर्स और पीजी डीसीए करने के बाद उसने हैदराबाद और लखनऊ से मॉडलिंग शुरू की। बॉलीवुड में एंट्री के लिए उत्तराखंड में एक एल्बम भी शूट किया, जो चला नहीं।



बाद में बेस्ट फेस ऑफ लखनऊ का खिताब जीता और राजधानी के हाई-प्रोफाइल पार्टी सर्किट की चर्चित चेहरा बन गई।उसकी राजनीति में भी उसकी एंट्री हुई। सूत्रों का दावा है कि उसके संपर्क कई रसूखदार नेताओं, कारोबारियों और अपराधियों तक रहे हैं। उस पर ब्लैकमेलिंग के आरोप भी लगते रहे हैं। निजी जिंदगी में करीब 10 साल पहले उसकी शादी प्रिंस दुबे से हुई थी, 2022 में तलाक हो गया। बेटा पिता के साथ रहता है। तलाक के बाद वह अवध ग्रीन अपार्टमेंट में किराए पर रहने लगी। पुलिस के मुताबिक 9 अक्टूबर को श्रद्धा के लिव-इन पार्टनर और रेस्टोरेंट कारोबारी शिवा शर्मा की चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। शिवा की मां ने श्रद्धा पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया। घटना के बाद श्रद्धा बहन और ड्राइवर के साथ बुर्का पहनकर फरार हो गई। कैब, छोटे होटल और बार-बार ठिकाना बदलते हुए वह नागपुर तक पहुंच गई, जहां से एसटीएफ ने तीनों को दबोचा। लखनऊ लाने के बाद पुलिस ने श्रद्धा से 7 घंटे तक 120 से ज्यादा सवाल पूछे। श्रद्धा का दावा है - शिवा मेरा बॉयफ्रेंड था, मैंने हत्या नहीं की, उसने सुसाइड किया है। सीजेएम कोर्ट ने अपराध की गंभीरता देखते हुए तीनों की जमानत खारिज कर 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दोनों बहनें महिला बैरक में 45 अन्य कैदियों के साथ हैं, ड्राइवर सामान्य बैरक में। पुलिस ने फ्लैट में काम करने वाली मेड समेत 7 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। दोनों के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर फॉरेंसिक जांच को भेजे गए हैं, दो बैंक अकाउंट फ्रीज किए गए हैं। एक सीसीटीवी भी सामने आया है जिसमें शिवा, श्रद्धा का हाथ पकड़कर सीढ़ियों से उतरता दिख रहा है। लेकिन बड़ा सवाल अब भी वही है - नागपुर तक भागने और 11 दिन तक छिपने में मदद किसने की? पैसा किसने पहुंचाया? पुलिस ने कुछ मददगारों को रडार पर लेने की बात तो कही, पर गिरफ्तारी एक भी नहीं। न रिमांड, न खुलासा। अब चर्चा तेज है कि इस केस में पर्दे के पीछे कुछ अफसरों का भी हाथ रहा है। हाईकमान क्या उन पर कार्रवाई करेगा? या फिर हाई-प्रोफाइल केस भी फाइलों में दबकर रह जाएगा, इसका जवाब लखनऊ पुलिस की अगली कार्रवाई ही देगी।

बाढ़ प्रभावित परिवारों हेतु राशन किट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रवाना

लखनऊ। फैजुल्लागंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए लगातार चलाए जा रहे दस राशन किट वितरण अभियान के अंतर्गत आज चौथे दिन भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह ने महर्षि विश्वविद्यालय, आईआईएम रोड परिसर से राशन किट, आलू प्याज आदि से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हरी झंडी दिखाकर फैजुल्लागंज के लिए रवाना किया। इस अवसर पर रक्षामंत्री के सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, क्षेत्रीय विधायक डॉ नीरज बोरा, विशेष कार्याधिकारी केपी सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

राजा राज रघुवर सिंह साहब की 94वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ। नगर निगम द्वारा लालबाग स्थित झंडी वाला पार्क में राजा राज रघुवर सिंह साहब की ९४वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर राजा राज रघुवर सिंह साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा छतरी का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में राजमाता मालती देवी, विधायक विनोद शंकर अवस्थी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रचारक वीरेंद्र सिंह,पार्षद प्रमोद सिंह राजन, झंडी राज, खीरी के राजा राजेश्वर सिंह, राजा तिलोई गोपेंद्र सिंह सहित विभिन्न राजघरानों से आए राजपरिवारों के सम्मानित सदस्य एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस



आयोजन के माध्यम से राजा राज रघुवर सिंह साहब के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनकी स्मृति को नमन किया गया। छतरी का लोकार्पण ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा।

25 अक्टूबर को खुले रहेंगे जलकल विभाग के कैश काउंटर और कैंप कार्यालय

लखनऊ। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को साप्ताहिक अवकाश के बावजूद जलकल विभाग के सभी कार्यालयों के कैश काउंटर और कैंप कार्यालय खुले रहेंगे। इस दौरान राजस्व वसूली का कार्य किया जाएगा। जलकल विभाग के महाप्रबंधक ने जोन-1 से जोन-8 के अधिशासी अभियंताओं को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

डॉक्टरों की सेवा और समर्पण समाज के लिए अनमोल-केशव

सामाजिक कार्यों के लिए करीब 90 डॉक्टरों को किया गया सम्मानित

लखनऊ। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉक्टरों की सेवा और समर्पण समाज के लिए अनमोल है। डॉक्टर न केवल बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों को मुश्किल समय में उम्मीद और हौसला भी देते हैं। दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटे चिकित्सक स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। यह बातें उन्होने शनिवार को रिवर बैंक कॉलोनी स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भवन प्रेक्षागृह में आयोजित आईएमए के वार्षिक समारोह को सम्बोधित करते



हुये व्यक्त कीं। उन्होने कहा कि डॉक्टरों की संवेदनशीलता, मेहनत और निष्ठा अनेक लोगों को नया जीवन देती है। डॉक्टरी केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम है। हमें डॉक्टरों के योगदान का सम्मान करना चाहिए। साथ ही डॉक्टरों को भी मरीजों के प्रति संवेदनशीलताए सेवा भाव और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ.नीरज बोरा ने कहा कि समाज की सेहत सुधारने में डॉक्टरों की अहम भूमिका है। आईएमए की मानद सचिव डॉ.श्वेता श्रीवास्तव ने वर्षभर की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होने कहा कि संगठन ने चिकित्सा शिक्षा, विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाओं, ग्रामीण स्वास्थ्य शिविरों कैंसर जागरूकता, सीपीआर प्रशिक्षण और रक्तदान जैसी गतिविधियों के जरिए जनस्वास्थ्य को बढ़ावा दिया।

इनको मिला सम्मान

डॉ.अर्चिका गुप्ता, डॉ. नीरज टंडन, डॉ.राकेश श्रीवास्तव, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ.सीमा मेहरोत्रा, डॉ.शिप्रा नाथ, डॉ.सुधा सिंह व डॉ.वंदना सोलंकी शामिल रहे।

50 हजार का इनामी बदमाश लखनऊ में गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने मेरठ के लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी बदमाश को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुणाल उर्फ कुलदीप त्यागी निवासी गवा, खुर्जा देहात, बुलंदशहर के रूप में हुई है। एसटीएफ नोएडा की टीम ने उसे शुक्रवार सुबह 8.30 बजे जानकीपुरम स्थित सब्जी मंडी तिराहे से पकड़ा। एसटीएफ के मुताबिक कुणाल पर मेरठ के थाना मेडिकल में लूट का मुकदमा दर्ज है। 15 अप्रैल 2025 को वह अपने साथी मनीष सोलंकी, हर्ष और विकास के साथ मेरठ की तक्षशिला कॉलोनी में एक मकान में बड़ी रकम लूटने के इरादे से घुसा था।

ईको गार्डन में आशा बहुओं का हंगामा रोड जाम, एम्बुलेंस-स्कूली बच्चे फंसे

लखनऊ। ईको गार्डन धरना स्थल पर धरना दे रहीं आशा बहू और आशा संगिनियों ने गुरुवार दोपहर विधानसभा कूच और रोड जाम कर हंगामा काट दिया। पुलिस ने इस मामले में उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन से संबद्ध नेता विजय बहादुर सिंह उर्फ विजय विद्रोही समेत 6 को नामजद करते हुए 200-250 अज्ञात आशा बहुओं पर आलमबाग कोतवाली के चौकी प्रभारी कैलाशपुरी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। आलमबाग कोतवाली के चौकी प्रभारी कैलाशपुरी शिवप्रकाश वर्मा थाना क्षेत्र स्थित ईको गार्डन में शुक्रवार को शांति व्यवस्था ड्यूटी पर थे। आरोप है कि दोपहर करीब 3:15 बजे विजय विद्रोही के आह्वान पर आई सैकड़ों आशा बहुओं ने ईको गार्डन तिराहे से 500 मीटर आगे सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया और विधानसभा कूच व सरकार विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने जब उन्हें समझाया कि बिना अनुमति जुलूस निकालना गैरकानूनी है और उन्हें चिन्हित धरना स्थल ईको गार्डन में चलने को कहा, लेकिन वे नहीं माने। आरोप है कि विजय विद्रोही ने आशा बहुओं को भड़काकर कहा सड़क मत छोड़ना आज प्रशासन को दिखा देना है मैं क्या हूं। आलमबाग कोतवाली प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया जाम के कारण एम्बुलेंस, कोचिंग जा रहे बच्चे और आम वाहन फंस गए, दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं।

हजरतगंज थाने की कमान शिवानंद मिश्रा को मिली जिम्मेदारी

लखनऊ। राजधानी के हजरतगंज कोतवाल विक्रम सिंह को लाइन हाजिर किए जाने के बाद पुलिस कमिश्नर ने राजधानी के सबसे अहम थाने की कमान इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा को सौंपी है। कमिश्नरेट की ओर से जारी तबादला आदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। 23 अक्टूबर को जारी आदेश के मुताबिक मड़ियांव थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे शिवानंद मिश्रा को अब हजरतगंज थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं साइबर थाने में तैनात रहे इंस्पेक्टर आलोक राव को मड़ियांव थाने की जिम्मेदारी दी गई है।

लोहिया पार्क एवं गोमती रिवरफ्रंट की बढ़ेगी सुंदरता

प्ले फाउंटेन और वाटर बेस्ड लाइट एण्ड साउन्ड शो का होगा निर्माण

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोहिया पार्क एवं गोमती रिवरफ्रंट क्षेत्र में प्ले फाउंटेन और वाटर बेस्ड लाइट एण्ड साउन्ड शो स्थापित कर इनके सौंदर्यीकरण की योजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं, ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बैकुण्ठ धाम से ला मार्टिनियर तक पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर यातायात शुरू कराने की तैयारी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। साथ ही, निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।



आकर्षण का नया केंद्र बनेगा प्ले फाउंटेन

उपाध्यक्ष ने बताया कि लोहिया पार्क में प्ले फाउंटेन एवं चिल्ड्रेन प्ले एरिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बच्चों के मनोरंजन हेतु फाउंटेन में म्यूजिक व कलरफुल लाइट की व्यवस्था है। साथ ही, बच्चों के खेलने हेतु मल्टी एक्टिविटी झूले भी लगाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि दिसम्बर तक प्ले फाउंटेन सुचारु रूप से शुरू कर दिया जायेगा। साथ ही, पार्क में घूमने-टहलने वाले लोगों के लिए आकर्षण का नया केंद्र भी बनेगा।

रिवरफ्रंट पर लाइट एन्ड साउंड शो का निर्माण

उपाध्यक्ष ने बताया कि गोमती रिवरफ्रंट पर नदी का जलस्तर काफी हद तक घट गया है। इसको देखते हुए वहां वाटर बेस्ड लाइट एन्ड साउंड शो का निर्माण किया जायेगा। इस शो में वाटर स्क्रीन पर एडवांस्ड लेजर, लाइट एन्ड साउंड तकनीक और प्रोजेक्टर्स का इस्तेमाल किया जायेगा। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश के शानदार इतिहास के साथ-साथ लखनऊ की समृद्ध नवाबी संस्कृति, कला और विरासत को प्रोजेक्टर द्वारा दिखाया जायेगा। उपाध्यक्ष ने ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तृतीय चरण के अंतर्गत बैकुंठधाम से ला मार्टिनियर साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाने, शहीद पथ को मिलाने वाली क्लोवर लीफ के कार्य और बारिश के बाद जलस्तर घटने से मिट्टी की पुराई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, मरी माता मंदिर के पास क्लियरेंस और नाला व सड़कों के सुदृढ़ीकरण सम्बंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में एलडीए के मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

